प्रेषक,

प्रदीप कुमार मिश्रा,
अपर प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय संख्या 03,
आगरा।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, आगरा।

विषयः वर्ष 2013–2015, 2015–2017, 2017–2019 तथा वर्ष 2019–2021के चल–अचल सम्पत्ति के विवरण–पत्र देरी से प्रेषित किये जाने के संबंध में।

माननीय महोदय,

सादर निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी दिनांक 25 नवम्बर, 2021 को अचानक न्यायालय कार्योपरान्त गैस्ट्रोएन्टराइटिस तथा किडनी स्टोन के दर्द के कारण आकस्मिक चिकित्सा हेतु अस्पताल में तीन दिन के लिए भर्ती रहा एवं उसके पश्चात दिनांक 20.12.2021 तक स्वास्थ्य खराब होने के कारण अर्जित अवकाश पर रहा, जिस कारण माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित प्रपत्र का अनुपालन अविलम्ब नही कर सका था, जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी क्षमा प्रार्थी है।

माननीय महोदय से यह भी निवेदन करना है कि विगत वर्षो में विभिन्न जिलों में अधोहस्ताक्षरी का स्थानान्तरण होने के कारण एवं न्यायिक कार्य में व्यस्तता रहने के कारण अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति के विवरण–पत्र माननीय उच्च न्यायालय को समय से प्रेषित नहीं कर सका, जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी विनम्ररूप से क्षमा प्रार्थी है।

माननीय महोदय से सादर निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा विगत सम्पूर्ण चल एवं अचल सम्पत्ति के विवरण–पत्र निर्धारित प्रारूप पर माननीय उच्च न्यायालय के पोर्टल पर दाखिल कर दिये गये हैं।

माननीय महोदय से विनम्रतापूर्वक क्षमा याचना के साथ सादर निवेदन है कि मेरे द्वारा पोर्टल पर प्रेषित चल एवं अचल सम्पत्ति के विवरण–पत्रों को स्वीकार करने की कृपा करें।

सादर,

भवदीय

01.01.22

दिनांक 01.01.2022

(प्रदीप कुमार मिश्रा)
अपर प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय संख्या–03,
आगरा।

Letter No. 02/2022 Date. 01.01.2022
FORWARDED

1/1/22

Principal Judge Family Court
AGRA